डी.एड. दूरस्थ शिक्षा हेतु द्वितीय वर्ष (2014-15) के छात्रों के डाटा का सत्यापन

डी.एड. दूरस्थ शिक्षा हेतु द्वितीय वर्ष (2014-15) के छात्रों के डाटा का सत्यापन किया जाना है जिससे वे डी.एड. दूरस्थ शिक्षा की वार्षिक परीक्षा 2015 में सम्मिलित हो सके। इसके लिये डी.एड. दूरस्थ शिक्षा के वेबसाईट में केन्द्र द्वारा लागिन करने पर " **द्वितीय वर्ष सत्र 2014-15 के अभ्यर्थियों के फाइनल सूची के द्वारा वेरिफिकेशन फाईल प्राप्त करने के लिये यहां क्लिक करें** " उपलब्ध है, इसे क्लिक कर अपने केन्द्र के अभ्यर्थियों के फोटोयुक्त डाटा वेरिफिकेशन प्रपत्र प्राप्त होगा, इसे प्रिंट कर लें एवं सभी अभ्यर्थियों के हस्तक्षर करायें। जिन अभ्यर्थियों के नाम काटना हो उसे लाल स्याही के पेन से काटे। कृपया ध्यान रखें आपके द्वारा लाल स्याही से नाम काटने के पश्चात अभ्यर्थी 2015 की परीक्षा में किसी भी परिस्थिति में नही बैठ पायेगा।

यदि किसी अभ्यर्थी का नाम छूट गया हो तो उसका नाम लिखें, उसका फोटो चिपकायें व उसके हस्ताक्षर करायें एवं केन्द्र स्वयं यह सुनिश्चित करें कि आपके लागिन में संबंधित छात्र का नाम जुड. गया है।

अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर के उपरांत सत्यापित डाटा प्रपत्र एस.सी.ई.आर.टी. में दिनांक 20/01/2015 तक जमा करना सुनिश्चित करें, सत्यापित डाटा प्रपत्र एस.सी.ई.आर.टी. में प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यदि आपके केन्द्र के अभ्यर्थी 2015 की परीक्षा से वंचित होते है तो केन्द्र प्रभारी एवं केन्द्र समन्वयक व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगें।

अपने अभिलेख हेतु सत्यापित डाटा की छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रखें।

http://distanceded.scertcg.com/user_login.aspx

आदेशानुसार

संचालक

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं

प्रशिक्षण परिषद रायपुर, छ.ग.